Title : Need to enchance quota under Indira Awas Yojna in Deoria district, Uttar Pradesh.

**श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) :** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में इंदिरा आवासों के आवंटन में भारी कटौती की गई है। आर्थिक और सामाजिक दृटि से यह अत्यन्त ही पिछड़ा जिला है, जिसमें 15 विकास खंड हैं और ग्रामीण आबादी का प्रतिशत 80 से अधिक है। लगभग हर साल बाढ़ की विनाशलीला झेलने वाले इस जनपद को विशे परिस्थितियों में इंदिरा आवास का अधिक कोटा निर्धारित किया जाता रहा है। पिछले वर् देवरिया जनपद के लिए 20 हजार इंदिरा आवास आवंटित किए गए थे, जिसे काटकर इस वर् केवल 5 हजार कर दिया गया है, जो बिल्कुल अपर्याप्त है। इतनी कम संख्या के कारण एक ग्राम पंचायत में 5 आवास भी नहीं बनवाये जा सकते हैं। मैं इस सदन के माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि वह देवरिया जनपद के लिए इंदिरा आवास का कोटा बढ़ाकर पिछले वर् की संख्या के बराबर करे। धन्यवाद।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri P. Karunakaran − not present; Shri Santasri Chatterjee − not present; Dr. Ramachandra Dome − not present.

Shri Hiten Barman.